फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 4 मार्च 2025
वर्ष 6, अंक 103, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO 5 : MIDDLE

# अनाथालय में लगाया स्वास्थ्य शिविर

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से चौकी चौराहा स्थित प्रेम निवास अनाथालय में सोमवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। असिस्टेंट प्रो. मयंक कुमार, नर्सिंग ट्यूटर रितिका और शांति के साथ बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और एएनएम के 45 बच्चों ने बुजुर्गों और बच्चों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। इस दौरान उनके स्वास्थ्य की जांच भी की गई। मयंक ने बताया कि सभी को संतुलित आहार, छोटे मोटे घावों के प्राथमिक उपचार की जानकारी भी दी गई।